# 2012-2013



आर्य कालेज में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

## पोस्टर मेकिंग में 80 ने दिखाई प्रतिभा

स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन

**Poster Making and Slogan Writing Competition (14-08-2012)**

## चमड़ी और बालों का रखें ध्यान

अमर उजाला ब्यूरो

पानीपत। आयुर्वेद जागृति मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बालों के विशेषज्ञ डा. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि साफ-सफाई और आहार-विहार के नियमों का आयुर्वेद के अनुसार पालन करके कई बीमारियों से बचा जा सकता है। बालों के रखरखाव को गंभीरता से लेना चाहिए।

डा. अग्रवाल शनिवार को आर्य पीजी कालेज में शनिवार को हिमालय ड्रग कंपनी द्वारा हेयरं और स्किन केयर विषय पर सेमिनार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि त्वचा मानव शरीर का सबसे बड़ा अंग है। तीन परतों से बनी त्वचा शरीर को गर्मी, सर्दी, धूल, मिटट्री, बैक्टीरिया, फंग्स, फरास आदि से बचाने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। खास तौर पर गर्मी एवं बरसात के मौसम में त्वचा और बालों की समस्याएं ज्यादा बढ़ जाती हैं। परंतु अगर हम साफ-सफाई का ध्यान रखें और आहार-विहार के नियमों का आयुर्वेद के अनुसार पालन करें तो इन बीमारियों से काफी हद तक बचा जा सकता है। सेमिनार में प्रोजेक्टर के माध्यम से चमड़ी और बालों की समस्यायों के कारण और समाधान बताए।

इस दौरान अत्याधुनिक मशीन ट्राइकोस्कोप द्वारा विद्यार्थियों के बालों की जांच करने की गई। तत्पश्चात डा. अग्रवाल ने समाधान भी बताएं। सेमिनार में विद्यार्थियों से सवाल भी पूछे गए और जवाब देने वाले बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। मास कम्युनिकेशन विभाग की छात्रा एकता नंदा और बीकाम



आर्य पीजी कालेज में आयोजित सेमिनार में मौजूद विद्यार्थी।

**Workshop on Hair & Skin Care in collaboration with Himalaya Drug Co. (26-08-2012)**

## मां का दूध सर्वोत्तम आहार : डॉ. गीता

जासंकें, पानीपत : मां का दूध बच्चों के लिए लाभदायक व स्वास्थ्यवर्धक होता है। जन्म के बाद छह माह तक बच्चों को मां का दूध ही पिलाना चाहिए। यह बात जीटी रोड स्थित आर्य पीजी कॉलेज में मंगलवार को इनरव्हील क्लब की तरफ से महिलाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में डॉ. गीता गुप्ता ने कही। कार्यक्रम हिंदी विभाग महिला प्रकोष्ठ व कानूनी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

उन्होंने कहा कि नवजात के लिए माँ का दूध ही सर्वोत्तम आहार है। बच्चों को मां का दूध पिलाने से ब्रेस्ट कैंसर जैसी बीमारी महिलाओं में नहीं पनपती है। महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. रानी रजनी ने कहा कि लड़कियों के लिए समय-समय पर ऐसी जानकारी अत्यंत आवश्यक हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य वक्ता डॉ. गीता गुप्ता व इनरव्हील क्लब के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। मंच संचालन डॉ. कंचन प्रभाती ने किया। इस अवसर पर पम्मी आहूजा, प्राध्यापिका इंदु गर्ग, डॉ. संतोष टिक्कू, डॉ. गीतांजलि धवन, हरविंद्र कौर व सोनम मौजूद थे।

**Importance of Mother's Feed in Collaboration with Inner Wheel Club (29-08-2012)**

# 2015-2016



Much remains to be done for women's safety: Bedi

Parveen Arora
Tribune News Service

Panipat, July 22

Former IPS officer Kiran Bedi today said that more work was yet to be done on women's safety and making them aware about their rights.

She was chairing a function on leadership skills organised by the Inner Wheel Club, Panipat chapter, at Arya College here. Addressing the children of various schools and citizens, she urged the gathering to work collectively for better results.

Exhorting on the collective strength of around 60,000 students of Panipat, Kiran said, "If these students devote a day for social work, including

**Early Leadership Programme(23-07-2015)**



छात्राओं को महिला अधिकारों की दी जानकारी

पानीपत(ब्यूरो)।आर्य पीजी कॉलेज में छात्राओं को महिला अधिकारों की जानकारी दी और उनको इनका सदुपयोग करने की सलाह दी। छात्राओं ने भी इसको लेकर आगे आने का उत्साह दिखाया। आर्य पीजी कॉलेज में सोमवार को कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ व कानूनी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में ऊषा अरोड़ा व निधि गुप्ता मुख्य वक्ता रही और बच्चों व लड़कियों से जुड़े विभिन्न अधिकारों से छात्राओं को अवगत करवाया। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया।

**Workshop on Women Legal Rights (20-10-2015)**



आर्य कालेज में होनहारों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

पानीपत, 18 जनवरी (विनोद पांचाल) : जीटी रोड स्थित आर्य पी.जी. कालेज में महाविद्यालय के कानूनी प्रकोष्ठ व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में इंटर कालेज वाद-विवाद, भाषण, निबंध लेखन, नारा लेखन, ऑन द स्पाट पेंटिंग, पावर प्वाइंट प्रैजेंटेशन, काव्यपाठ व डाक्यूमेंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के

**Inter College Debate, Declamation, Slogan Writing, on the Spot Painting Making competition on the theme "Women Empowerment and Legal Awareness" (19-01-2016)**



महिला सशक्त तो सशक्त होगा समाज

**Seminar on Women Empowerment (09-03-2016)**

# 2016-2017


बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आर्य कालेज में हुआ रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन

लड़कियां पढ़ाती हैं समाज को अनुशासन का पाठ :

**Raksha Bandhan Mahotsav (18-08-2016)**


बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समारोह करवाया

पानीपत (मोहन लाल) : जी.टी.रोड स्थित आर्य पी.जी. कालेज के सभागार में एथिकल बिजनेस प्रा.लि. द्वारा साध्वी देवा ठाकुर की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समारोह आयोजित किया गया। जिसमें एथलिक बिजनेस प्रा.लि. के राष्ट्रीय आध्यक्ष आशु जैन ने कहा कि इस कम्पनी के 20 प्रतिशत मनाफे से गरीब

देवा ठाकुर का स्वागत करते आयोजकों (मोहन लाल)

**Importance of Girl Child in the Family and Society (01-11-2016)**


नारी एवं चुनौतियां विषय पर परिचर्चा

भाजपा महिला मोर्चा ने आर्य कालेज में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

पानीपत, 8 मार्च (विनोद पांचाल): भाजपा महिला मोर्चा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आर्य कालेज के सभागार में नारी एवं चुनौतियां विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें भारत में नारी का अस्तित्व, महिला सशक्तिकरण, कम आयु में लड़कियों की शादी, कन्या भ्रूण हत्या व लड़कियों की हत्या आदि विषयों पर विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे।

कहा कि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने महिला दिवस पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करके एक अच्छी परंपरा की शुरुआत की है। इस अवसर पर आर्य कालेज के प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता, रघुबीर सैनी एडवोकेट, बिंटू सिंगला, वरिष्ठ नेता सुनील सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र सलूजा, हरिओम तायल, महेश बरेजा, मीडिया प्रभारी दीपक सलूजा, सह मीडिया प्रभारी पंकज शर्मा, मनीष कड़वासरा …

**Seminar on Women and Challenges (9-03-2017)**


सावधानी से करें गैस सिलेंडर का इस्तेमाल : उड़िया

आर्य पी.जी. कालेज में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन और महिला प्रकोष्ठ ने विद्यार्थियों के लिए किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पानीपत, 27 जनवरी (खर्ब) : आर्य पी.जी. कालेज में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन और कालेज की महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के चीफ एरिया मैनेजर विशाल उड़िया बतौर मुख्यातिथि पहुंचे और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि गैस सिलैंडर की इस्तेमाल करते वक्त पूरी सावधानी बरतें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करें।

इस मौके पर शहर की विभिन्न गैस एजैंसियों के प्रतिनिधि भी पहुंचे और विद्यार्थियों में जागरूकता की अलख जगाई। जादूगर संजीव उपाध्याय ने अलग-अलग ट्रिक्स के माध्यम से विद्यार्थियों का मनोरंजन किया और उपयोगी जानकारियां भी दी। प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने मुख्यातिथि विशाल उड़िया, कालेज प्रबंधक समिति के महासचिव सुरेंद्र सिंगला, वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र सिंगला समेत सभी मेहमानों का आभार प्रकट किया। मंच संचालन डॉ. कंचन प्रभाती ने किया। इस मौके पर एस.डी. कालेज एजुकेशन सोसायटी के उप-प्रधान पवन गोयल, इंडियन ऑयल के सेल्स ऑफिसर राजर्षि हल्दर, रेणु गैस एजैंसी के मालिक तेजबीर जागलान, जनता गैस एजैंसी … गीता बतरा, पानीपत गैस एजैंसी से … पुहाल, सविता गैस एजैंसी से आदित्य शर्मा, शालिनी गैस एजैंसी से महावीर संधु, कालेज की महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डा. संतोष टिक्कू और डा. कंचन प्रभाती आदि मौजूद थे।

**Workshop on Precautionary use of LPG Cylinder (28-01-2017)**


ब्रेकथ्रू ने मनाया युवा महोत्सव

पानीपत। आर्य कॉलेज में एनएसएस के सहयोग से ब्रेकथ्रू द्वारा ब्रेकथ्रू से जुड़े वालंटियर्स को सम्मानित करने के लिए ब्रेकथ्रू युवा महोत्सव मनाया गया। जिसमें चीफ गेस्ट के तौर पर ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा, विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला महिला संरक्षण अधिकारी रजनी गुप्ता, रेलवे स्टेशन अधीक्षक धीरज कपूर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारी के प्रिंसिपल नरेंद्र मान, आर्य

**YUVA Mathotasav (Theme : Sexual Harrassment at Workplace) (21-01-2017)**